ऑफर 2017-19 बैच के 244 स्टूडेंट्स का हुआ प्लेसमेंट, 100 कंपनियां पहुंची

आईआईएम के स्टूडेंट को मिला 58 लाख का पैकेज

मार्केटिंग में 58.1 लाख का अधिकतम पैकेज, एवरेज ऑफर 14.88 लाख

ranchi@inext.co.in

RANCHI (3 April): इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट(आईआईएम) रांची के सेशन 2017-19 बैच के हंड्रेड परसेंट स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट पूरा हो गया. एमबीए और एचआरएम के सभी 244 स्टूडेंट्स का भारतीय मल्टीनेशनल कंपनियों समेत बाहरी कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है. बैच में अधिकतम पैकेज मार्केटिंग के एक स्टूडेंट को दिया गया है, जिसे एक मल्टीनेशनल कंपनी ने सलाना 58.1 लाख रुपए का पैकेज दिया है. एमबीए इन मार्केटिंग और एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स एचआर में औसतन 14.52 लाख का सलाना ऑफर स्टूडेंट्स को मिला है.

कई मल्टीनेशनल कंपनियां

देश की कई मल्टीनेशनल कंपनियों ने यहां के स्टूडेंट्स को जॉब का ऑफर किया है. इसमें मार्केटिंग, सेल्स, फायनांस, प्रबंधन से जुड़ी कंपनियों ने कैंपस सेलेक्शन किया. संस्थान में प्लेसमेंट के लिए आई कंपनियों में सेल्स, मार्केटिंग, वित्त, मानव प्रबंधन, संचालन आपरेशन, सामान्य प्रबंधन, आईटी, स्ट्रेटजी मेकिंग जैसी कंपनियां शामिल हैं. इन कंपनियों ने एमबीए इन मार्केटिंग के स्टूडेंट्स को 14.88 लाख का पैकेज दिया. एचआर प्रोफेशनल्स को 14.52 लाख का पैकेज दिया गया. एमबीए मार्केटिंग से जुड़े छात्रों में से 32 परसेंट का सेलेक्शन बिक्री और विपणन से जुड़ी कंपनियों ने किया. इनके अलावा आईटी और विश्लेषण में 22 परसेंट, वित्त फायनांस में 20, आपरेशन और नार्मल मैनेजमेंट में 12 और रणनीति व परामर्श में 14 परसेंट कंपनियों ने सेलेक्शन किया है.

एक-एक स्टूडेंट को 3-3 ऑफर

डायरेक्टर प्रो शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सेशन 2017-19 में 181 स्टूडेंट्स मार्केटिंग कोर्स से जुड़े थे, जबकि 63 एचआर से थे. उन्होंने कहा कि 100 कंपनियों ने इस बार कैंपस इंटरव्यू लिया था, जिसमें स्टूडेंट्स का प्रदर्शन काफ बेहतर रहा. एक-एक स्टूडेंट को तीन-तीन कंपनियों से नौकरी का ऑफर मिला है.

कैंपस पहुंचीं ये कंपनियां

आईआईएम रांची में इस बार एक्सेंचर, बर्जर पेंट्स, बॉश एंड लांब, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, डीएस ग्रुप, इमामी, गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया गेल, गूगल, आईसीआईसीआई, आईबीएमए एचपी, जेपी मॉर्गन चेस, एलएंडटी, ओएनजीसी, आरपीजी, सैमसंग आरएंडडी, सोनी, टाटा स्टील, यस बैंक, आनंद राठी, अर्न्स्ट एंड यंग, फ्लिपकार्ट, पीपुल्स स्ट्रांग, क्विकर, रेमंड, यात्रा डॉट कॉम जैसी कंपनियां पहुंचीं.

iNext, 04.04.2019, Pg. 5